हिन्दी
(301)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

निर्देश:

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) मीरा ने अपने पद में चातक और मछली से स्वयं की तुलना की है। एक अन्य उदाहरण द्वारा आप भक्ति की भावना को प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-4 देखें)

(ख) 'तुलसीदास ने मानवीय संबंधों का आदर्श प्रस्तुत किया है।' सिद्ध कीजिए। (पाठ-3 देखें)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) बिहारी के दोहे में मनुष्य के व्यवहार पर धन के कुप्रभाव को किस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-11 देखें)

(ख) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के अंत में 'मैं तोड़ती पत्थर' के प्रयोग का क्या आशय है? (पाठ-13 देखें)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' वास्तव में साहित्यिक क्षेत्र के वृद्धों और युवकों की मानसिकता को हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। (पाठ-17 देखें)

(ख) 'कुटज अपने मन पर सवारी करता है, मन को अपने पर सवार नहीं होने देता। मनस्वी मित्र, तुम धन्य हो।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। (पाठ-18 देखें)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

(क) 'जिजीविषा की विजय' पाठ से आपको क्या संदेश मिलता है? उल्लेख कीजिए। (पाठ-28 देखें)

(ख) ''दो कलाकार'' पाठ के संदर्भ में अपने विचार प्रगट करते हुए स्पष्ट कीजिए कि मनुष्य जीवन में सबसे बड़ी कला कौन सी है और क्यों? (पाठ-8 देखें)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

(क) टिप्पण की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (पाठ-21 देखें)

(ख) कार्यालयी पत्राचार के दो रूपों का उल्लेख कीजिए। (पाठ-21 देखें)

6. नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6

(क) विभिन्न समाचार पत्रों में से किसी एक समाचार को चुनिए और फाइल में उनकी कटिंग चिपका कर उस समाचार का विश्लेषण अपने शब्दों में लगभग 150 शब्दों में कीजिए। (पाठ-34 देखें)

(ख) आज का युग तकनीक का युग है। कंप्यूटर और इंटरनेट ने किस प्रकार हिंदी भाषा को प्रभावित किया है? एक चार्ट बनाकर इसे प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-38 देखें)